

बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा : शाह - 10



ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी : अरुण - 10



सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ - 11



मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना - 12

आज का मौसम

33.0° अधिकतम तापमान

20.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.52 सूर्यास्त 06.36


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com


2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 12:37 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 11 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 136, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये







बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा : शाह - 10



ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी : अरुण - 10



सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ - 11



मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना - 12

आज का मौसम

$33.0^0$ अधिकतम तापमान

$20.0^0$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.52 | सूर्यास्त 06.36

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 12:37 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 11 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 136, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद कुमार नये संसद भवन से बाहर आए और उस समय के बारे में बात की, जब वह लोकसभा के सदस्य थे और पुराने संसद भवन में बैठते थे।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गोविंदपुरी इलाके से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दो सरगनाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। हर्बिटेक्चर हेल्थकेयर नाम से संचालित इस गिरोह ने सोशल मीडिया मंचों पर वजन घटाने वाले उत्पादों का विज्ञापन करके और ग्राहकों को बार-बार भुगतान करने के लिए लुभाकर देश भर के लोगों को ठगा।

# यूपी की अंतिम मतदाता सूची जारी 2.05 करोड़ वोटरों के नाम कटे

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रदेश में अब 13.39 करोड़ मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार उप्र. में कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष और 45.46 प्रतिशत महिला हैं। पहले 27 अक्टूबर 2025 को फ्रीज सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे, जो एसआईआर के बाद 2.05 करोड़ घटकर 13.39 करोड़ रह गए।

लोकभवन में शुक्रवार को उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी को जारी मसौदा सूची के मुकाबले अंतिम सूची में 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिनके नाम छूट गए, वे फॉर्म-6 भरकर शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से कुल 107 ज्ञापन प्राप्त हुए, जिनमें समाजवादी पार्टी से 85, भाजपा से 10, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 9, बसपा, सीपीआई(एम) और आम आदमी पार्टी से एक-एक ज्ञापन शामिल थे। सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया। रनदीप रिनवा ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है, और जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील कर सकता है।



### मतदाताओं का विवरण

- **पुरुष मतदाता :** 7 करोड़ 30 लाख 71 हजार 61
- **महिला मतदाता :** 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 525
- **तृतीय लिंग :** 4 हजार 206
- **18-19 आयुवर्ग :** 17 लाख 63 हजार 360

### इन 5 जिलों में बढ़े वोटर

- **प्रयागराज :** 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता
- **लखनऊ :** 2 लाख 85 हजार 961 मददाता
- **बरेली :** 2 लाख 57 हजार 920
- **गाजियाबाद :** 2 लाख 43 हजार 666
- **जौनपुर :** 2 लाख 37 हजार 590

### एसआईआर प्रक्रिया की झलक

- 6 जनवरी को 12.55 करोड़ की मसौदा सूची जारी हुई थी।
- 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां ली गईं।
- 86.69 लाख ने फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) भरा।
- 3.18 लाख ने फॉर्म-7 (नाम कटवाने) भरा।
- 1.04 करोड़ को माता-पिता आदि से मिलान न होने पर नोटिस।
- 2.22 करोड़ तार्किक विसंगति वाले।

# सीएम आज लखीमपुर में, 1300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात

- **मुख्यमंत्री योगी सुबह 11:30 बजे पलिया के चांदनीचौकी पहुंचेंगे**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पलिया कलां के चंदनचौकी और मोहम्मदी के मियांपुर में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जिले को 1300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे।

प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दिन में 11.30 बजे लखनऊ से उड़ान भरकर पलिया की चंदनचौकी पहुंचेंगे। यहां 11.40 बजे से 12.40 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 12.45 बजे मोहम्मदी के मियांपुर के लिए रवाना होकर एक बजे पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोनों जगह कुल 1300 करोड़ रुपये की 538 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री चंदनचौकी



में थारू जनजाति और लंबे समय से आवासित परिवारों को भौतिक स्वामित्व संबंधी दस्तावेज वितरित करेंगे। साथ ही लाभार्थियों को चेक और ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास की चाभियां सौंपेंगे। इसी तरह मियांपुर में विभाजन के समय पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर बसे परिवारों को अधिकार पत्र और लाभर्थियों को चेक सौंपेंगे।

इस दौरान बच्चों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत ओडीओपी योजना के तहत निर्मित हैट पहनाकर किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री मियांपुर (मोहम्मदी) में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे, जहां वह विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान कर एक ऐतिहासिक पहल करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों के लिए कमिश्नर विजय विश्वास पंत और आईजी किरण एस. ने शुक्रवार को चंदनचौकी और मोहम्मदी में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

### विस्थापितों को जमीन पर मिलेगा मालिकाना हक

पूर्वी पाकिस्तान/बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों का पुनर्वास भी जिले में किया गया है। इन परिवारों को जिले की विभिन्न तहसीलों धौरहरा, मोहम्मदी और गोला में बसाया गया था, जहां उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर कृषि योग्य भूमि भी उपलब्ध कराई गई है। मियांपुर में बसे 156 परिवारों को प्रति परिवार करीब 4.75 एकड़ भूमि दी गई है, जबकि अन्य गांवों में भी परिवारों को औसतन 3 से 7 एकड़ तक जमीन आवंटित की गई है। इन परिवारों को जमीन का मालिकाना हक मिल जाएगा।

# न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इस्तीफा महाभियोग की प्रक्रिया हुई निष्प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

**नकद बरामदगी मामला**



- **विवादों में घिरे थे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा**

विवादों में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उन पर जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है।

पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। घटना के बाद महाभियोग प्रस्ताव से पहले एक पूर्व शर्त के तहत सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति अरविंद, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र और वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच समिति जांच कर रही थी। उन्होंने न्यायाधीशों की दो निंदात्मक रिपोर्ट के बाद तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना की इस्तीफे की सलाह को मानने से इनकार कर दिया। विकल्प नहीं होने पर न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

# यमुना में नौका पलटी 32 श्रद्धालु डूबे, 10 के शव निकाले

- **वृंदावन के केसी घाट पर हुआ हादसा**

**मथुरा।** मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। सभी पर्यटक पंजाब के रहने वाले थे। नौका में करीब 32 पर्यटक सवार थे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि ये श्रद्धालु पंजाब के लुधियाना और अन्य शहरों से आए लगभग 150 तीर्थयात्रियों के एक बड़े समूह का हिस्सा थे। यह दुर्घटना केसी घाट के पास तब हुई, जब नौका गहरे पानी में जाने के बाद एक तैरते हुए पोंटून से टकरा गई।

# कुवैत पर ड्रोन हमले, सऊदी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई/तेहरान/न्यूयार्क एजेंसी

- **सीजफायर के बाद भी तेहरान व उसके सहयोगियों पर हमले का आरोप, ईरानी सेना ने कहा- कोई मिसाइल नहीं दागी गई होर्मुज से एक गैस टैंकर को ईरान ने लौटाया**

कुवैत ने ईरान और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के बावजूद उसे निशाना बनाकर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है, वहीं सऊदी अरब ने कहा, हाल के हमलों से उसकी महत्वपूर्ण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद में शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर वार्ता होनी है।

कुवैत ने कहा कि गुरुवार रात को हुए ड्रोन हमलों में कुवैत के कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया गया। इस बीच, सऊदी अरब में हमले से उसकी महत्वपूर्ण 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' को नुकसान पहुंचा है। इस पाइपलाइन से तेल लाल सागर तक जाता है और इसके मार्ग में होर्मुज नहीं आता। ईरान ने युद्धविराम के बावजूद होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। वहीं, ईरान के आईआरजीसी ने कहा है कि युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर मिसाइलें नहीं दागी गईं। जो भी खबरें आ रही हैं, वे निस्संदेह यहूदी दुश्मन या अमेरिका का काम हैं। वहीं, अमेरिका ने कहा कि बोत्सवाना के एक गैस टैंकर ने ईरान ने होर्मुज से वापस लौटा दिया।

### संघर्षविराम पर वार्ता आज जेडी वेंस तेहरान से बोले अमेरिका से खेल न खेलो

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ खेल न खेले। इस्लामाबाद में शनिवार को संघर्ष विराम पर वार्ता होनी है। वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढ़े और राष्ट्रपति की ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें। (विस्तृत देश विदेश पेज पर)

# वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

## आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है



**जामनगर (गुजरात),** भारत रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ऑर्गनाइजेशन, वनतारा ने जाम नगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है।

इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य–पूर्ण और भविष्य–उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा।

**अनंत अंबानी ने कहा,**

"संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की।

प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' अर्थात् सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।"

इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू–विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं। हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ–साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए। समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि–विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव–विविधता से समृद्ध विभिन्न भू–भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्यक्रमों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें।

यूनिवर्सिटी अलग–अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलो शिप और स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंजर्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिजाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे।


साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी। वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य–आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन–सिटू) और संरक्षित वातावरण (एक्स–सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा।

शिलान्यास समारोह ने करुणा– आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई।

इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की गई।



साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया।

अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज
स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर
मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

# कनिष्ठ लिपिक की मौत मामले में हत्या की एफआईआर

## विकास विभाग की नौकरी एवं रुपये हथियाने का आरोप, पत्नी व दो सालों को किया नामजद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** विकास विभाग के कनिष्ठ लिपिक संजय सैनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अब हत्या की एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक की मां ने पुत्रवधू और उसके दो भाईयों पर नौकरी हथियाने और रुपये के लालच में हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला खुशीमल की रहने वाली 60 वर्षीय मुन्नी देवी पत्नी स्वर्गीय रामगोपाल ने बताया कि उसके पुत्र संजय सैनी (48) की शादी 2002 में शीतल सैनी पुत्री मदनलाल से हुई थी। संजय सैनी बीसलपुर ब्लॉक में कनिष्ठ लिपिक विकास विभाग पद पर तैनात था। पुत्र और पुत्रवधू अलग कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फैजुल्लाह खां में रहते थे।

आरोप है कि पत्नी आए दिन संजय सैनी के साथ मारपीट करती थी। उसकी तनख्वाह अपने एकाउंट में ट्रांसफर कर लेती। बीते साल पंद्रह अगस्त के संजय सैनी ने घर आकर बताया था कि उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी शीतल उसकी हत्या कर स्वयं नौकरी लनेने की योजना बना रही है। ये भी कहा था कि अगले माह से वह मां के साथ आकर रहेगा।


मृतक संजय सैनी।

- कोर्ट के आदेश पर मृतक की मां की ओर से कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

22 अगस्त 2025 को सुबह छह बजे अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर बतया कि संजय सैनी की लाश उसके घर में पड़ी है। इस पर वह अपने चचेरे देवर के पुत्र मनोज सैनी व अन्य लोगों के साथ वहां पर पहुंची। वहां पुत्रवधू शीतल सैनी के आंवला बरेली के मोहल्ला किला निवासी भाई पंकज और विनय मौजूद थे। जब उनसे संजय के बारे में पूछा तो बताया कि शरीर ठंडा पड़ चुका है। ये श्री बताया कि डॉक्टर को नहीं दिखाया हे। इस पर वह परिवार के सदस्यों संग जिला अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन वहां मृत घोषित कर दिया गया।

आरोप है कि पत्नी पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर शव को प्राइवेट वाहन से जबरन घर ले गई। इसके बाद उसी वक्त कोतवाली जाकर सूचना दी और फिर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर के बीच और रीढ़ के पास चोट निकली। आरोप लगाया कि नौकरी व रुपये के लालच में पुत्रवधू ने अपने भाईयों संग मिलकर पुत्र की हत्या कर दी है। पूर्व में कोतवाली पुलिस और एसपी को शिकायत पत्र दिया गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है।

### गुपचुप अंतिम संस्कार करने के भी लगे थे आरोप

घटना के वक्त से ही मृतक की मां समेत अन्य परिजन आरोप लगाते रहे। उसी के बाद पोस्टमार्टम कराया गया था। इसमें बिसरा भी जांच के लिए सुरक्षित किया गया था। मृतक कर मां ने उस वक्त ये भी आरोप लगाए थे कि पत्नी व उसके मायके वाले शव का गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार करना चाहते थे। मगर किसी व्यक्ति ने उन्हें सूचना दे दी थी। इसके अलावा पोस्टमार्टम भी पत्नी नहीं कराना चाहती थी। फिलहाल अब कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज होने के बाद विवेचना शुरू हो चुकी है।

# डॉ. हैनीमैन की जयंती मनाई होम्योपैथी के लाभ बताए


कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सेहरामऊ उत्तरी में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज चौधरी ने की। चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने डॉ. हैनीमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया।

डॉ. नीरज चौधरी द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ, इसकी सरलता, सुलभता एवं दुष्प्रभाव रहित उपचार पद्धति पर भी प्रकाश डाला गया। आमजन को होम्योपैथी के प्रति जागरूक किया।

इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक चमन सिंह, सुरेश शुक्ला, आशीष दीक्षित, अमित शुक्ला, निखिल मिश्रा, मुकेश तिवारी, हरीश कुमार, उदित शर्मा, अंकुल, पंकज सिंह, सुरेश गिरी आदि मौजूद रहे।

## बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे भाई की मौत

**बिलसंडा।** करेली थाना क्षेत्र के ग्राम हरैया निवासी राजकुमार (25) की बहन चांदनी की 27 अप्रैल को शादी है। इसके कार्ड बांटने के लिए शुक्रवार देर शाम शाहजहांपुर की तरफ जाते समय बाइक पर मां व भाई राजनंद भी था। मकसूदापुर के पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में राजकुमार की मौत हो गई जबकि घायल हो गए।

## जल संसाधन दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**पीलीभीत, अमृत विचार:** समाधान विकास समिति की ओर से शुक्रवार को जल संसाधन दिवस के अवसर पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षिका गुंजन शर्मा ने विचार रखे। रिया कश्यप, नैना और सपना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सुमन देवी ने जल संसाधन दिवस के बारे में बताया। समिति की अध्यक्षा उर्मिला देवी ने भी विचार रखे। छात्राओं ने पोस्टर भी बनाए, जिनको सराहा गया।

## अनुष्का को योग निद्रा में मिला सम्मान

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुकरीखेड़ा के रहने वाले जनसंघ के नेता देवेंद्र स्वरुप मिश्रा की पौत्री अनुष्का मिश्रा पुत्री रविंद्र मिश्रा ने योग निद्रा आसन में होल्डिंग टाइम 35 मिनट पूर्ण किया। देहरादून में हुई विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में अनुष्का ने यूनाइटेड किंगडम की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल थे। उन्होंने अनुष्का को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले भी वह कई पुरस्कार जीत चुकी हैं।

# बीईओ को विद्यालय में मिलीं खामियां

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षाधिकारी ने रसूला प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। मध्यान भोजन में खामियां मिलने व बच्चों का शैक्षिक स्तर कमजोर होने पर उन्होंने इंचार्ज प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्यवाही की संस्तुति की है।

डीएम व बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर नगर के एक युवक ने शिकायत की थी। रसूला प्राथमिक विद्यालय में मध्यान भोजन योजना में बच्चों की फर्जी हाजिरी अंकित किए जाने, रसोई गैस की जगह चूल्हे पर खाना पकाने के आरोप लगाए थे।

- प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की

बीएसए ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. हर्षित शर्मा को विद्यालय का निरीक्षण कर आख्या मांगी। इसी क्रम में वह विद्यालय पहुंचे और मध्यान भोजन रजिस्टर का निरीक्षण किया।

पिछले 7,8,व 9 अप्रैल को रजिस्टर में 60 से अधिक उपस्थित अंकित मिली। शुक्रवार की उपस्थिति अंकित नहीं पाई जबकि मौके पर 30 बच्चे उपस्थित मिले । बच्चों का भोजन जिस भगौना में पकाया गया था उसके नीचे राख लगी हुई मिली। कक्षा दो के बच्चे पूछे गए प्रश्नों का सटीक जवाब नहीं दे पाए। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका आस्था सक्सेना ने बताया कि रसोई गैस खत्म हो गई थी इसलिए चूल्हे पर खाना पक रहा था। अब गैस सिलेंडर उपलब्ध हो गया है। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि इस मामले में कार्यवाही किए जाने की संस्तुति कर आख्या जिला बीएसए को भेज दी गई है।

प्रधानाध्यापिका ने बताया कि मानसिक उत्पीड़न करने के लिए उनके विद्यालय की झूठी शिकायत की गई है। मध्यान भोजन रजिस्टर में हाजिरी गलत अंकित नहीं की गई है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार
एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्ट्स मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# पूरनपुर में किसान नेताओं का प्रदर्शन सुरक्षा के बंदोबस्त रहे सख्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद की धीमी गति और प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए किसान नेताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। संयुक्त रुप से जमा हुए विभिन्न संगठनों के किसान नेताओं ने पूरनपुर में सीओ कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन किया।

उनका कहना था कि 31 मार्च से गेहूं की खरीद शुरू तो कर दी गई लेकिन अभी तक व्यवस्थाएं नहीं हो सकी है। ये भी आरोप लगाया कि अगर कोई आवाज उठाता है तो उस पर कार्रवाई की जा रही है। किसान नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की भी मांग की। इधर, विरोध प्रदर्शन का पूर्व में ही ऐलान था। ऐसे में सुरक्षा के सख्त बंदोबस्त किए गए थे। एएसपी विक्रम दहिया भी पूरनपुर पहुंचे।


पूरनपुर में गशत करते एएसपी, एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

उन्होंने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह संग पुलिस बल के साथ गश्त भी की। मुख्य बाजारों व भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यातायात को सुचारू रखने, अतिक्रमण हटाने और संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

## प्रशांत बने इनकम टैक्स ऑफिसर

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर के प्रशांत ने सीजीएल परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर इनकम टैक्स ऑफिसर पद के लिए चयनित हुए हैं। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी प्रशांत ग्राम अठाना (बरेली) के मूल निवासी हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा की शुरुआत गांव के प्राथमिक विद्यालय से की। हाई स्कूल शिक्षा के दौरान दुर्घटना में उनके पिता का निधन हो गया। बरेली कॉलेज से स्नातक करने के साथ उनका मिलिट्री इंजीनियरिंग क्षेत्र में चयन हो गया। वह अमृतसर में तैनात हैं। उन्होंने सीजीएल परीक्षा 2025 में सफलता हासिल कर ली। परीक्षा में उन्होंने 1457 रैंक ऑल इंडिया स्तर पर प्राप्त की है। प्रशांत सफलता का श्रेय माता सुनीता देवी को देते हैं।



# बंद मकान में लगी आग, देर रात तक बुझाई जा सकी


कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सुरभि कॉलोनी में व्यापारी के बंद मकान में लगी आग को बुझाने के लिए देर रात तक दमकल टीम को मशक्कत करनी पड़ी। सीओ सिटी ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इस दौरान काफी भीड़ लगी रही। नुकसान का आकलन किया जाता रहा।

सुनगढ़ी क्षेत्र के सुरभि कॉलोनी में व्यापारी नेता अमनदीप सिंह जॉली का मकान है। अमनदीप का इलेक्ट्रॉनिक के अलावा गारमेंट्स और बुटीक का भी काम है। उनके मकान के पिछले हिस्से में ही गोदाम बना हुआ है। गुरुवार दिन रात परिवार के लोग किसी कार्य से शहर में ही गए हुए थे। घर पर काम करने वाली मेड थी। तभी अचानक घर के पिछले हिस्से में बने गोदाम में आग लग गई। आग की लपटे और धुआं निकलते देख मेड ने शोर मचा दिया। इसके बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गए। सूचना पुलिस को दी गई तो थाना सुनगढ़ी पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद दमकल की एक और गाड़ी मौके पर आई। दोनों गाड़ियों में मौजूद दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग दो घंटे में आग पर काबू पाया। गोदाम में रखे इलेक्ट्रॉनिक के सामान के अलावा कुछ घरेलू सामान भी चल गया। इसमें लाखों के नुकसान का अनुमान पीड़ित ने लगाया है। आग लगने का कारण प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि आग लगने के कारण की विस्तृत जांच की जा रही है।

- सीओ सिटी ने मौका मुआयना कर ली जानकारी

# बोर्ड प्रदर्शन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर


बच्चों द्वारा बनाया गया बोर्ड। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बेनहर स्कूल की सभी शाखाओं में बोर्ड प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एक्टिविटी इंचार्ज रोशनी बग्गा, गुरसेवक सिंह ने मार्गदर्शन किया। विभिन्न देशों पर आधारित विषय प्रदान किए गए। रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा, इंदिरा गांधी आदि के बारे में विचार रखे गए। बच्चों ने समूह में कार्य करते हुए आकर्षक बोर्ड तैयार किए।

संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्य करिश्मा सैहमी, डॉ. निर्मल कौर ने बच्चों की प्रतिभा और शैक्षणिक स्तर के अनुसार विभिन्न कक्षाओं के लिए अलग-अलग विषय निर्धारित किए। कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और नवाचार की भावना को सुदृढ़ करती हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। बेन-हर गुरुकुल के मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी ने विद्यार्थियों की कलात्मक अभिव्यक्ति को सराहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा, पल्लवी पांडेय, नेहा पांडेय, आयुषी दीक्षित, निर्मला शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अब जनपद में 738807 पुरुष व 612092 महिला मतदाता

## राजनीतिक दलों संग हुई बैठक, सौंपीं मतदाता सूची की प्रतियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद शुक्रवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांधी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया। विशेष अभियान के बाद जनपद में अब कुल मतदाताओं की संख्या 13,50,918 रह गई है।

जनपद के 1654 बूथों पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। बूथों पर बीएलओ की मौजूदगी में मतदाताओं ने सूची में अपने नामों को देखा। इधर जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर अपमार्जन (नाम काटने) की कार्रवाई की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत) सूची और प्रारूप-7 के जरिए 2,06,393 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए हैं। नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए चलाए अभियान में प्रारूप-6 के माध्यम से 85,298 नए नाम शामिल किए गए।



गांधी सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

### घट गया जेंडर रेशियो और ईपी रेशियो

अंतिम मतदाता सूची के आंकड़ों पर नजर डालें तो एसआईआर के बाद जनपद का जेंडर रेशियो 872 से घटकर 828 पर आ गया है। वहीं ईपी रेशियो भी 59 .48 से कम होकर 54 .74 रह गया है। मतदाता सूची के अनुसार अब जनपद में 738807 पुरुष, 612092 महिला और 19 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या भी अब 22403 है।

अंतिम प्रकाशित सूची सभी मतदान केंद्रों, तहसील कार्यालयों और जिला निर्वाचन कार्यालय में एक सप्ताह तक नि:शुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। जिन पात्रों के नाम किन्हीं कारणों से छूट गए हैं, वे अब ''निरंतर पुनरीक्षण'' के तहत फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

– **ज्ञानेंद्र सिंह**, जिला निर्वाचन अधिकारी।

### जनपद में एसआईआर के बाद की स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 1350918 |
| पुरुष मतदाता | 738807 |
| महिला मतदाता | 612,092 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 19 |
| दिव्यांग मतदाता | 22403 |
| 18-19 आयु वर्ग | 18702 |
| 100 आयु के मतदाता | 155 |

### राजनीतिक दलों संग बैठक, छूटे लोगों के बन सकेंगे वोट

गांधी सभागार में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की एक-एक प्रति और पीडीएफ सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने पीपीटी के माध्यम से पुनरीक्षण की अवधि में हुई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा पेश किया।सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा व अन्य प्रतिनिधियों ने सूची से छूटे हुए लोगों के नाम शामिल करने की प्रक्रिया पूछी। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला प्रवक्ता अमित पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, आप जिला महासचिव संजय कुमार, बसपा के जितेंद्र कुमार, लोकेश गौतम, चंद्रशेखर आजाद, एडीएम (वित्त) प्रसून द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार कश्यप रहे।

# गिरवी रखे जेवर नहीं लौटाए, रिपोर्ट

संवाददाता, पीलीभीत

- समझौते के बाद भी नहीं मिला सामान, थाने में सुनवाई न होने का आरोप
- एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचारः** गजरौला कलां क्षेत्र में महिला ने गिरवी रखे जेवर वापस न मिलने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। आरोप है कि कई बार प्रयास और थाने में समझौते के बावजूद आरोपी ने जेवर नहीं लौटाए। एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गजरौला कलां निवासी नेहा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गांव के ही दुष्यन्त कुमार के पास अपने सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखे थे। इसमें सोने के पेंडल, नथ-बेसर और चांदी की पायल समेत अन्य सामान शामिल है। आरोप है कि वह पिछले दो-तीन वर्षों से अपने जेवर वापस लेने के लिए आरोपी के चक्कर लगा रही है, लेकिन हर बार टाल दिया जाता है। तंग आकर उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। समझौते के तहत 25 जनवरी 2026 को आरोपी ने जेवर वापस करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उसने सामान नहीं लौटाया। महिला का कहना है कि जब उसने पुलिस से मदद मांगी तो उसे संतोषजनक सहयोग नहीं मिला। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### डॉक्टर की कार को मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**पीलीभीत,अमृत विचार** : मेडिकल कॉलेज में कार्यरत डॉ. दीपिका वर्मा पत्नी डॉ. जगदंबा शरण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दंपति मेडिकल कॉलेज में कार्यरत है। गुरुवार सुबह साढ़े 11 बजे वह जिला अस्पताल से बिठौरा कला स्थित एकेडमिक ब्लॉक मेडिकल कॉलेज जा रही थी। तभी पूरनपुर गेट पुलिस चौकी के पास एक अज्ञात डीएसएम ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत,अमृत विचार** : गजरौला क्षेत्र के मानपुर हटुआ निवासी रज्जो बेगम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि तीन अप्रैल को सुबह दस बजे गांव के ही मोहम्मद फारुख, गुशीद और फारुख की पत्नी अजमेरी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए और मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गई। पीड़िता ने थाने पहुंचकर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।





वंचितों को उपहार
संवेदनशील सरकार




नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2,350 परिवारों एवं स्थानीय थारू जनजाति के 4,356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन
एवं
₹817 करोड़+ से पलिया, श्रीनगर, निघासन और गोला विधान सभा क्षेत्र की 314 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
दिनांक : 11 अप्रैल, 2026 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे
स्थान : चंदन चौकी (पलिया), लखीमपुर खीरी

बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिन्दू परिवारों को लखीमपुर खीरी में संक्रमणीय/ असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र का वितरण
एवं
₹417 करोड़ से लखीमपुर, धौरहरा और मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र की 213 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
दिनांक : 11 अप्रैल, 2026 | समय : अपराह्न 1:00 बजे
स्थान : ग्राम मियांपुर (मोहम्मदी), लखीमपुर खीरी




द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

नितिन अग्रवाल – राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध, उत्तर प्रदेश
अरुण कुमार सक्सेना – राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश
योगेश वर्मा – विधायक, लखीमपुर | अमन गिरि – विधायक, गोला गोकरननाथ | लोकेन्द्र प्रताप सिंह – विधायक, मोहम्मदी | मंजू त्यागी – विधायक, श्रीनगर | हरविंदर कुमार साहनी 'रोमी साहनी' – विधायक, पलिया
शशांक वर्मा – विधायक, निघासन | विनोद शंकर अवस्थी – विधायक, धौरहरा | सौरभ सिंह 'सोनू' – विधायक, कस्ता | अनूप कुमार गुप्ता – सदस्य, विधान परिषद
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास की चाबी का वितरण

वंचितों को वरीयता
जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम के अंतर्गत 13.57 लाख निर्धन परिवार चिह्नित, 17 योजनाओं का लाभ पहुंचाकर निर्धन परिवारों की सतत आय को ₹1.25 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य
2,209 मछुआ परिवारों को सुरक्षित आवासों का आवंटन
सफाईकर्मियों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया गतिमान
प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं माफिया से मुक्त कराई भूमि पर निर्मित 62 लाख से अधिक आवासों का आवंटन

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


### उधारी के रुपये मांगने पर दंपती पर हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार** : कोतवाली के मोहल्ला मोहम्मद वासिल निवासी मोहम्मद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि काशीराम कॉलोनी आवास विकास निवासी महिला पर उसके 10 हजार रुपये उधार हैं। 30 मार्च शाम वह रुपये मांगने गया तो महिला ने अभद्रता करते हुए पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि एक अप्रैल की रात करीब नौ बजे उसके पास फोन आया, जिसमें रुपये लेने के लिए बुलाया। पीड़ित पत्नी नूर फातिमा के साथ बताए गए पते पर पहुंचा। वहां तौहीद, महनाज और इदरीश समेत चार लोगों ने उसे घर में खींच लिया और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा, लेकिन आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद दंपती कोतवाली पहुंचकर अपने साथ हुई मारपीट की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# नाबालिग छात्रा का रुकवाया विवाह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 20 अप्रैल को होना था बाल विवाह, पुलिस व महिला कल्याण विभाग ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** महिला कल्याण विभाग की सजगता के चलते एक नाबालिग छात्रा बालिका वधू बनने से बच गई। छात्रा ने अभी हाईस्कूल की परीक्षा दी है और वह आगे पढ़ाई करना चाहती थी। मगर, परिजन शादी की तैयारियों में जुटे थे। जांच में मामला सही पाए जाने पर संयुक्त टीम ने छात्रा के परिजनों पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर प्रशासन खासा सख्त है।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली कि गजरौला क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति अपनी नाबालिग पुत्री का विवाह करने जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह के नेतृत्व में एक टीम गांव पहुंची। जांच में पता चला कि बालिका की शादी 20 अप्रैल को बरखेड़ा क्षेत्र के एक युवक के साथ तय हुई थी।

घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं और कार्ड भी बंट चुके थे। जब टीम ने बालिका के शैक्षिक दस्तावेजों की जांच की, तो वह नाबालिग पाई गई। टीम के सामने बालिका ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह अभी और पढ़ना चाहती है, लेकिन दबाव में उसकी शादी की जा रही थी। संयुक्त टीम ने मौके पर ही बालिका के माता-पिता और परिजनों को सख्त हिदायत देते हुए बाल विवाह रुकवा दिया। इस दौरान बालिका के परिजनों ने लिखित सहमति दी कि वे शादी नहीं करेंगे। अब बालिका को आगामी कार्यवाही के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा।

# करोड़ों का घोटाला पुलिस ने जांच की तेज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मुख्य आरोपी बाबूगिरी करने वाले चपरासी को बुलाकर दर्ज किए बयान

**अमृत विचारः** डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध बाबूगिरी करने वाले बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज के चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा किए गए करोड़ों के घोटाले में दर्ज मुकदमे की विवेचना ने अब गति पकड़ी है। हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर चल रहे मुख्य आरोपी से पुलिस ने 50 से अधिक सवालों के जवाब लिए। वहीं, एएसपी व सीओ ने विवेचना की प्रगति जानी और आरोपी से पूछताछ भी की।

चपरासी पद पर तैनात इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर विभागीय अधिकारी सालों मेहरबान रहे और वह कूटरचित अभिलेख बनाकर करोड़ों की सरकारी धनराशि गबन करता चला गया। मूल पद पर काम कराने के बजाय डीआईओएस दफ्तर में अटैचमेंट के नाम पर बाबूगिरी कर रहे इल्हाम की मुश्किल उस वक्त बढ़ गई जब एक मामला बैंक के अधिकारियों ने पकड़ा। इल्हाम की पत्नी अर्शी खातून के खाते में 12 सितंबर 2024 से कुल 98 ट्रांजेक्शन में एक करोड़ से अधिक की रकम स्थानांतरित की गई थी। ये रकम डीआईओएस कार्यालय के शिक्षक मद से स्थानांतरित हुई। जिसे फर्जी व कूटरचित तरीके से वेतन मद से बेनिफिशियरी गलत तरीके से बनाकर ट्रेजरी के माध्यम से एनईएफटी के द्वारा आहरण एवं वितरण कर गबन किया था। उसके व पत्नी अर्शी के खिलाफ 13 फरवरी को डीआईओएस राजीव कुमार की ओर से रिपोर्ट लिखाई गई। पत्नी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था जबकि इल्हाम को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई। पुलिस ने विवेचना के दौरान 38 खातों में 38702568 (तीन करोड़ सतासी लाख दो हजार पांच सौ अठसठ) रुपये संदिग्ध वित्तीय लेनदेन चिन्हित करते हुए संबंधित धनराशि को फ्रीज करा दिया था।

विवेचना गंभीरता से कराई जा रही है। सभी बिंदुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मुख्य आरोपी हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। विवेचक ने उसके बयान दर्ज किए हैं।

–**दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी


विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026
धन्यवाद बरेली

" प्रदेश में दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 से दिनांक 10 अप्रैल, 2026 तक चले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम में जनपद बरेली की 9 विधासभा क्षेत्रों एवं मतदेय स्थलों पर सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया जिससे यह कार्यक्रम निर्वाचक नामावली के अन्तिम प्रकाशन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 166 दिनों तक चले इस वृहद अभियान को सफल बनाने में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ), बीएलओ सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा निष्ठा एवं लगन के साथ कार्य किया गया। साथ ही सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों व लाखों मतदाताओं द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के प्रचार-प्रसार एवं जागरुकता में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया द्वारा भी अपना अमूल्य योगदान दिया गया। सभी के सम्मिलित प्रयासों के फलस्वरूप उक्त वृहद कार्य का सफलतापूर्वक समापन सम्भव हो सका।"



संतोष कुमार सिंह
अपर जिलाधिकारी वि.रा./ उप जिला निर्वाचन अधिकारी, बरेली।

सभी को धन्यवाद !



अविनाश सिंह
जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी, बरेली।

## न्यूज ब्रीफ

### वरुण कुमार बने डिप्टी एसपी



**लखीमपुर खीरी : अमृत विचार :** यूपीपीएससी में कुंभी ब्लॉक के गंगापुर ग्रांट निवासी वरुण कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डिप्टी एसपी पद हासिल किया है। उनका कहना है कि इस सफलता के पीछे समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित नि :शुल्क कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में संचालित समाज कल्याण विभाग की आवासीय कोचिंग में तैयारी की। उत्तर लेखन अभ्यास और मॉडल टेस्ट से मुख्य परीक्षा की सुदृढ़ तैयारी कराई जाती है।

### मंसूरी फार्म में बाघ ने जमाया डेरा

**महंगापुर, अमृत विचार :** पलिया रेंज के भैंसोरी फार्म झील में तीन दिन से बाघ के डेरा जमाने से आस पास के लोगों में दहशत का माहौल है और किसान भय के चलते अपने खेतों में जाने से कतरा रहे हैं।वन विभाग टीम निरंतर पेट्रोलिंग कर रही है। पलिया रेंज के ग्राम गदनिया के महिपालपूर्वा पास दो पालतू बछरे व पड्डे पर हमला करने के अंत वन विभाग ने ग्रामीणों रोष व उनकी मांग पर वन विभाग ने रेस्क्यू कर बाघ को पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन वह लगातार चकमा दे रहा है। गुरुवार सुबह फिर ग्राम बमनगर के मंसूरी फार्म के पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरप्रीत सिंह जार्जी व संधू बस वालों के फार्म के पास खेतों मे काम कर रहे किसानों व मजदूरों ने झील पास बाघ को देखा।

### चैती में खोये बच्चे को पुलिस ने मां से मिलाया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेला में भीड़ की अधिकता में तीन साल का बच्चा खो गया, जिसे पुलिस ने खोज लिया। चैती में शाम को काफी भीड़ उमड़ रही है। नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज का तीन वर्षीय बच्चा अयांश पुत्र सुशील कुमार मां से भीड़ में कही खो गया। मां ने जानकारी मेला प्रभारी संतोष कुमार सिंह को दी। उन्होंने सुरक्षा कर्मचारियो को एलर्ट कर दिया और कुछ ही पलों में सीसीटीवी कैमरे की मदद से बच्चे को ढूंढ़ निकाला और उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। खोया बच्चा पाकर बेहाल मां ने राहत महसूस की।

# चैती के मंच पर निरंकारी सत्संग का आयोजन

## नगर पालिका अध्यक्ष बोले-पूर्व जन्मों के पुण्य कर्मों से ही मिलता है सत्संग का अवसर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में चल रहे ऐतिहासिक चैती मेला के 12वें दिन सांस्कृतिक मंच पर निरंकारी सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य महात्मा ज्ञानेश्वर गौरंग जी (ज्ञान प्रचारक, देहरादून) रहे, जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अभिषेक जी ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर संघ चालक विजय वर्मा, सह नगर संघचालक कौशल मिश्रा, नगर कार्यवाह महेन्द्र पाठक, नगर प्रचारक अभिषेक जी, सह जिला कार्यवाह विवेक कुमार, कुम्भी खण्ड कार्यवाह हेमंत कुमार, जिला संगठन मंत्री (विद्यार्थी परिषद) सत्यम कुमार, हरिप्रीत सिंह हैरी, जोनल इंचार्ज पीलीभीत प्रतिपाल सिंह, संयोजक लखीमपुर प्रवेश साहनी, क्षेत्रीय संचालक अधिकारी रंजीत सिंह, गोला ब्रांच मुखी प्रमिला खुराना, राम करन तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' शामिल रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने कहा कि पूर्व जन्मों के पुण्य से ही सत्संग का अवसर मिलता है और चैती मेले का यह मंच संतों की उपस्थिति से धन्य हो गया है।



गोला में चैती मेला मंच पर दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार



धन निरंकार सत्संग सुनने के लिये मौजूद अतिथि और श्रोता। ● अमृत विचार

● **संतों के संदेश से गूंजा वातावरण, श्रद्धालुओं ने सत्संग का आनंद**

कार्यक्रम अध्यक्ष अभिषेक जी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की कुरीतियों को दूर कर मानव को अच्छे संस्कार प्रदान करते हैं।

मुख्य अतिथि महात्मा ज्ञानेश्वर गौरंग जी ने कहा कि परमात्मा को जानना ही जीवन का मूल उद्देश्य है, जो सतगुरु की कृपा और सत्संग के माध्यम से संभव है। सत्संग मन के विकारों और तनाव को दूर कर व्यक्ति को निर्मल बनाता है।

गोला ब्रांच मुखी प्रमिला खुराना ने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य भक्ति है, लेकिन सच्ची भक्ति वही है जो परमात्मा को जानकर की जाए। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्रेम है और प्रेम ही ईश्वर है। जोनल इंचार्ज प्रतिपाल सिंह ने कहा कि क्रोध सभी समस्याओं की जड़ है और यह कई अन्य विकारों को जन्म देता है। उन्होंने प्रेम और ब्रह्मज्ञान के महत्व पर जोर दिया।

संयोजक प्रवेश साहनी ने कहा कि सद्गुरु की कृपा से परमात्मा को जाना जा सकता है और यही मानव एकता एवं विश्व शांति का आधार है। इस अवसर पर कैलाश नारायण तिवारी (लखीमपुर), सुखदेव सिंह, सोनू खुराना (गोला), जितेन्द्र सिंह (हरदोई), निदेश कुमार (मैगलगंज), डॉ. आर.आर. बंगाली (सीतापुर), राम करन राठौर, करन राठौर सहित हजारों सत्संगी मौजूद रहे।

### 11 अप्रैल को होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 11 अप्रैल 2026 को सायं 7 :00 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# सपा प्रतिनिधिमंडल पर पक्षपात के आरोप

संवाददाता, सिंगाही

● **नौरंगाबाद में दूसरे पक्ष को बिना सुने लौटा**
● **जमीन के विवाद के बाद पहुंचे नेताओं पर सवाल**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौरंगाबाद में जमीन कब्जे को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में पहुंचे सपा के प्रतिनिधिमंडल पर पक्षपात के आरोप लगे हैं। आरोप है कि प्रतिनिधिमंडल ने एक पक्ष की बात सुनने के बाद दूसरे पक्ष की बात सुने बिना ही वापस लौट गया, जिससे पीड़ित पक्ष में नाराजगी है।

एक अप्रैल को नौरंगाबाद गांव में जमीन बिक्री के बाद कुछ लोगों ने जबरन कब्जे को लेकर विवाद खड़ा कर दिया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में जमीन मालिक सर्वेश मिश्रा के बेटे की नाक, भाई की आंख और भतीजे के हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने सर्वेश मिश्रा की तहरीर पर आरोपी पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के बाद 2 अप्रैल को वायरल वीडियो और दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से भी मुकदमा दर्ज कर लिया था।

मामले के नौवें दिन सपा का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा, जिसमें जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, आरएस उस्मानी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। सभी ने दूसरे पक्ष के ध्रुव यादव व उनके परिवार के अन्य सदस्यों से घटना के बावत जानकारी ली। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर केवल एक पक्ष की बात सुनी और दूसरे पक्ष जो खुद को पीड़ित बता रहा है, की बात सुने बिना ही लौट गया। पीड़ितों का कहना है कि यदि उनकी बात भी सुनी जाती तो मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती थी। उन्होंने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।

# चंद्रगुप्त मौर्य जयंती पर शोभायात्रा में उमड़ी भीड़

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती पर शुक्रवार को निघासन क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा और बाइक-कार रैली निकाली गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद की जिला इकाई के तत्वावधान में किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों की भागीदारी रही।

रैली की शुरुआत ढखेरवा चौराहे से हुई। यहां से बाइक और कारों का काफिला करीब 15 किलोमीटर का सफर तय करते हुए पलिया रोड स्थित लोनियनपुरवा मोड़ के पास निर्माणाधीन सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य स्मारक स्तंभ तक पहुंचा। इस दौरान गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। शोभायात्रा में शामिल लोगों ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के जयकारे लगाए और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम का समापन निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर आयोजित सभा के साथ हुआ। वक्ताओं ने सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के जीवन, उनके शौर्य और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, बसपा जिलाध्यक्ष मनमोहन मौर्य, पारस मौर्य, डॉ. पंकज मौर्य, राजू गुप्ता, सुरेंद्र यादव भंडारी, बेनजीर उमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट उमेश मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष आशीष मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष रमाकांत मौर्य, मंडल अध्यक्ष सोबरन लाल मौर्य, जिला प्रभारी तोताराम मौर्य, जिला अध्यक्ष पंकज कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अनिल मौर्य, जिला सचिव राजन मौर्य व राम सिंह मौर्य सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। रैली जिला प्रवक्ता राम गोपाल के आवास से प्रारंभ होकर ढखेरवा मार्केट, सिसैया, खरवाहिया, रकेहटी होते हुए निघासन के आगे निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर पहुंची, जहां सभा एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

● **ढखेरवा से स्मारक स्थल तक निकली 15 किमी लंबी रैली**

# न्यायाधिकारी का तबादला, दी गई विदाई

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी अरुण सिंह राठौर के गैर जनपद स्थानांतरित होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी।

शुक्रवार को एसोसिएशन सभागार में बार संघ अध्यक्ष रामकुमार गौतम की अध्यक्षता में विदाई समारोह हुआ। बार अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाई और स्मृत चिन्ह दिए। न्यायाधिकारी अरुण सिंह राठौर ने कहा कि उनके जीवन में यह पल यादगार रहेगा। सबने जो सहयोग एवं प्यार न्यायालय को चलाने में दिया, वह प्रशंसनीय है।

विदाई समारोह को बार के अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी, सुरेशचंद गुप्ता, विमल श्रीवास्तव, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, रामजी लाल दीक्षित, संजय मिश्रा, नीरज मिश्रा, सुधीर कुमार सक्सेना, अशोक गुप्ता, सुमित गिरि, राजेश गिरि नोटरी, संतकुमार भारती, नरेश सिंह भदौरिया, रामस्वरूप सिंह, विजय वर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन मनोज श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान राजीव मिश्रा, जगवीर सिंह भदौरिया, वीरेंद्र कुमार, रजनी सिंहा, संजय मिश्रा, कामता चौधरी, हरिनाम पांडे, यूसुफ अली, रामू, कालिका मौर्या, विजेंद्र यादव, रामकृष्ण मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



गोला में न्यायाधिकारी अरुण सिंह को माला पहनाते बार संघ पदाधिकारी।

# विधायक ने स्व. अरविन्द गिरि स्मृति कक्ष का किया लोकार्पण



नवनिर्मित कक्षों का लोकार्पण करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** विधायक अमन गिरि ने केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में विधायक निधि से निर्मित स्व. अरविन्द गिरि स्मृति दो कक्षों का लोकार्पण कर शंखनाद के साथ नवीन भवन में प्रवेश किया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो या फिर उच्च शिक्षा यहां तक की सेनाओं में भी इस महाविद्यालय से निकले छात्र अपनी सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय को जब कभी उनकी आवश्यकता होगी वह पूरा सहयोग करेंगे। समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल ने नवनिर्मित कक्षों के लिए दो एयर कंडीशनर दिए।

● **विजयी प्रतिभागियों को दिए प्रमाण पत्र**

प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने विधायक को शाल व स्मृति चिह्न भेंट किया। उन्होंने महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, प्रबंधक पति बलविंदर सिंह काके सहित प्रबंध समिति के लोगों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिग के संचालन के लिए विधायक को धन्यवाद दिया। विधायक ने युवा संसद के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत आयोजित पोस्टर, भाषण, स्लोगन आदि के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने किया।

# कांग्रेस ने असम सीएम की शव यात्रा निकाली, फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर शुक्रवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कचहरी के मुख्य द्वार पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिस्वा सरमा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनकी शव यात्रा निकाली और कचहरी गेट पर पुतला फूंका।

यह प्रदर्शन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग बेहद निंदनीय है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शालीनता के विरुद्ध बताते हुए कहा कि इस तरह के बयान समाज में गलत संदेश देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के प्रति अमर्यादित टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में मर्यादा और सम्मान बनाए रखना सभी नेताओं की जिम्मेदारी है। ऐसे बयानों से जनता में आक्रोश है और आने वाले समय में जनता इसका जवाब देगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों जैसे महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं को उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह के विवादित बयान दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती, रवि तिवारी, अन्नू मिश्रा, चंद्रप्रभा अवस्थी, रामजीवन राज, जावेद अली एडवोकेट, शक्ति शरण गौतम, रामपाल शाक्य, अब्दुल रहीम, अकील खान, अब्दुल कयूम, लतीफ आजम, कमलजीत सिंह, अनंत राम गौतम, नंद किशोर, राहुल गौतम सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।



कचहरी गेट पर पुतला दहन कर नारेबाजी करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● **खड़गे व अन्य नेताओं पर कथित टिप्पणी से नाराज कार्यकर्ता**

### मुख्यमंत्री जी गन्ना भुगतान करा दीजिए

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के संतोष कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गन्ने का भुगतान कराने और पेंशन मामलों में भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की है।



संतोष कुमार शर्मा।

गोला विधानसभा के उपचुनाव में गन्ना किसानों को 15 दिनमें भुगतान करने की घोषणा की थी। लेकिन बजाज ग्रुप की गन्ना मिलें इस वर्ष का अब भी भुगतान नहीं कर पाई है। अब तक प्रदेश की सरकार ने वृद्धाओं के खाते में पेंशन नहीं भेजी है। जबकि आम जनता ने विधानसभा में भाजपा की सरकार बनाने का काम किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शर्मा ने बंगाल चुनाव का जिक्र करते कहा कि भाजपा ने बंगाल सरकार बनाने पर तीन हजार रुपए बेवा, वृद्धा पेंशन देने की घोषणा की है। और मनरेगा मजदूरों को सीधे भुगतान देने की घोषणा की है। जबकि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है, तो यह व्यवस्था यहां भी होनी चाहिये।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर दो माह से पोषाहार वितरण नहीं

संवाददाता, केशवापुर

● **इमलिया गांव की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर ग्रामीणों ने लगाये आरोप**

**अमृत विचारः** ब्लाक कुम्भी क्षेत्र की ग्राम पंचायत अजान की इमलिया के आंगनबाड़ी केंद्र पर पिछले दो माह से पोषाहार वितरण नहीं हुआ है। लाभार्थियों के मोबाइल पर विभाग की ओर से वितरण का मैसेज भेजा गया। पोषाहार न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सीडीपीओ से फोन पर शिकायत कर कार्यकत्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अजान निवासी अखिलेश वर्मा, विमलेश वर्मा, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मार्च और अप्रैल माह से केंद्र पर पोषाहार का वितरण नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा केवल कुछ चहेतों को ही पोषाहार दिया जा रहा है, जबकि पात्र लाभार्थी वंचित हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनके मोबाइल पर विभाग की ओर से मैसेज भेजा गया कि आपका 25 दिनों का टेक होम राशन आज वितरित कर दिया गया है। मार्च माह में भी इसी तरह का मैसेज आया था, लेकिन आज तक किसी को पोषाहार नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने इसे सरकारी योजनाओं के साथ धोखाधड़ी बताया है।

ग्रामीणों के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रजिस्टर में मार्च माह में 78 बच्चों की एंट्री दर्शाई गई है। इसमें दिखाया गया है कि 54 बच्चों को पोषाहार वितरण कर दिया गया है और 24 शेष हैं। हकीकत यह है कि पोषाहार किसी को भी नहीं मिला। वहीं अप्रैल माह में एक भी लाभार्थी को टेक होम राशन नहीं दिया गया।

सीडीपीओ गमला देवी ने माना कि बच्चों को पोषाहार नहीं बांटने की सूचना मिली है और कहीं न कहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री से त्रुटि हुई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को मोहम्मदी में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने के कारण वितरण संभव नहीं हो पाएगा। रविवार को अवकाश रहेगा। इसलिए सोमवार को हर हाल में पोषाहार वितरण कराया जाएगा।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली की ओर से
नि:शुल्क नेत्र, दन्त व हृदय चिकित्सा शिविर
दिनांक - 12 अप्रैल 2026 (रविवार)
प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
✦ आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
✦ मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
✦ मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
✦ यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब ऑपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा।
✦ मोतियाबिन्द के मरीज घर से आधार कार्ड व कम्बल साथ लाना न भूलें। (समय दो दिन का लगेगा)
✦ दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त ।
निःशुल्क ब्लड शुगर
ब्लड प्रेशर की जांच
सौजन्य से :- स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा विधान सभा, पीलीभीत
निःशक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सम्पर्क करें अनिल कमल (फोन 9897895585)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

### गन्ना नहीं मिला तो बंद होगी बेलरायां मिल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि 5 हजार टीसीडी क्षमता वाली मिल को इस समय जरूरत के मुताबिक गन्ना नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते मिल को लगातार नहीं चलाया जा पा रहा और बार-बार रोकना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में पेराई कार्य जारी रखना संभव नहीं रह गया है। 12 अप्रैल तक ही आरक्षित गन्ने की आपूर्ति ली जाएगी, इसके बाद मिल बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोकी सिंह ने किसानों से अपील की है कि उनके पास जो भी पेराई योग्य अवशेष गन्ना है, उसे तुरंत मिल तक पहुंचाएं।

# 28 लाख से होगा मुक्तिधाम का सुंदरीकरण

● **सदर विधायक ने भूमि पूजन कर शुरू कराया निर्माण कार्य**

संवाददाता, खीरी टाउन

**अमृत विचारः** कस्बे के चोरही बाग स्थित मुक्तिधाम के सुंदरीकरण का रास्ता साफ हो गया है। शासन से 28 लाख रुपये की मंजूरी मिलने के बाद नगर पंचायत ने कार्य शुरू करा दिया है। शुक्रवार सुबह सदर विधायक योगेश वर्मा ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।

लंबे समय से मुक्तिधाम के सुंदरीकरण की मांग की जा रही थी। बजट स्वीकृत होने के बाद नगर पंचायत द्वारा कार्य प्रारंभ कराने की प्रक्रिया पूरी की गई। भूमि पूजन के दौरान विधायक ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने कस्बे में नगर पंचायत द्वारा बनाए जा रहे रामलीला पार्क के निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में गन्ना समिति अध्यक्ष अशोक अवस्थी, अधिशासी अधिकारी विनीत कुमार, पूर्व अध्यक्ष फहीम अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



निर्माण कार्य आरंभ कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक योगेश वर्मा व अन्य लोग।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर चंदनचौकी और मियांपुर में तैयारियां पूरी

## चंदनचौकी में विधायक रोमी दिनभर लेते रहे तैयारियों का जायजा, कमिश्नर व आईजी पहुंचे, तैयारियों के निरीक्षण के साथ की ब्रीफिंग, डीएम-एसपी व सीडीओ भी रहे मौजूद

संवाददाता, पलिया कलां/मोहम्मदी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पलिया कलां के चंदनचौकी और मोहम्मदी के मियांपुर में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री कुल 1300 करोड़ रुपये की 538 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। इसमें 800 करोड़ की 300 परियोजनाओं का शिलान्यास और 500 करोड़ की 238 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। इन परियोजनाओं का लाभ जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों लखीमपुर, गोला, श्रीनगर, पलिया, निघासन, मोहम्मदी और धौरहरा के लोगों को मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री चंदनचौकी में थारू व खजुरिया क्षेत्र में आवासित परिवारों को भौतिक स्वामित्व संबंधी दस्तावेज वितरित करेंगे। साथ ही लाभार्थियों को चेक और ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास की चाभियां सौंपेंगे। इसी तरह मियांपुर में विभाजन के समय विस्थापित परिवारों को अधिकार पत्र और लाभार्थियों को चेक आदि सौंपेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत चंदनचौकी (पलिया) से होगी, जहां मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करने के साथ ही थारू जनजाति के परिवारों को भूमि स्वामित्व अधिकार पत्र और लाभार्थियों को डेमो चेक प्रदान करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबी का वितरण और निर्माण कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास भी करेंगे। इस दौरान बच्चों द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत ओडीओपी योजना के तहत निर्मित हैट पहनाकर किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री मियांपुर (मोहम्मदी) में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे, जहां वह विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान कर एक ऐतिहासिक पहल करेंगे।

यहां विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक वितरित किए जाएंगे और मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को उनके आवास की चाबी सौंपी जाएगी। साथ ही सीएम योगी कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों के लिए कमिश्नर विजय विश्वास पंत और आईजी किरण एस. ने चंदनचौकी और मोहम्मदी में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग और सीडीओ अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों और जवानों की ब्रीफिंग की।


पलिया के चंदनचौकी में तैयारियों को जायजा लेते विधायक रोमी साहनी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। ● अमृत विचार


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के लिए सजा पांडाल। ● अमृत विचार

### थारू जनजाति के परिवारों को मिलेगा पूर्ण स्वामित्व अधिकार

तहसील पलिया में थारू जनजाति के 34 गांवों के 4356 परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि पर भौमिक अधिकार प्रदान किए हैं। वर्ष 1976 में इन परिवारों को भूमि उपयोग का अधिकार मिला था, लेकिन अब उन्हें पूर्ण स्वामित्व अधिकार मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### उपनिवेश योजना के तहत 2350 परिवारों को मिला अधिकार

उपनिवेश योजना के तहत नदी कटान से प्रभावित परिवारों को बसाने के लिए 12 उपनिवेश (कालोनियों) में बसे 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया। इनमें अनुसूचित जाति के 1077 और पिछड़े वर्ग के 874 परिवार शामिल हैं।

### 70 वर्षों की समस्या का समाधान: विधायक साहनी के प्रयास रंग लाए


रोमी साहनी, विधायक।

**पलिया कलां।** पलिया विधानसभा क्षेत्र में गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर मालिकाना हक पाने का सपना देख रहे हजारों किसानों के लिए 11 अप्रैल 2026 का दिन ऐतिहासिक साबित होने जा रहा है। करीब 70 वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान अब होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 अप्रैल को पलिया के चंदनचौकी पहुंचकर गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की जमीनों पर दशकों से निवास कर रहे हजारों परिवारों को मालिकाना हक देंगे। विधायक रोमी साहनी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रातः 8:30 बजे चंदनचौकी पहुंचें और ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत और खुशखबरी है। लंबे समय से ग्रांट एक्ट की जमीनों पर रह रहे लोगों को भूमिधरी का दर्जा मिलने से उनके जीवन में स्थिरता आएगी। प्रस्तावित योजना के तहत संपूर्णानगर क्षेत्र की 12 ग्रामसभाएं और थारू समाज क्षेत्र की 23 ग्रामसभाएं शामिल हैं। हजारों परिवारों को इस निर्णय से लाभ मिलेगा।

### मोहम्मदी विधायक बोले-50 साल बाद मिला हक, सीएम का आभार


लोकेंद्र प्रताप सिंह।

मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि वर्ष 1964 में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित बंगाली समाज के हर परिवार को 5 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन 50 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल सका। इस मुद्दे को सदन में उठाया, याचिका दायर की और मुख्यमंत्री से भी आग्रह किया। साथ ही कमेटी में सभापति के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस समस्या का समाधान कर सभी प्रभावित परिवारों को मालिकाना हक प्रदान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटे पर चावल भरने पर विवाद, युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा के गांव भटपुरवा कलां निवासी गयाप्रसाद वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वह कोटेदार के कहने पर अपने बोरे में चावल भर रहा था। इसी दौरान गांव के ही रामरूप पाल ने उसे गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में उसके मुंह, माथे और पीठ पर चोटें आई हैं। आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई अरुण कुमार तिवारी को सौंपी है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### गुलरिया चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त

**भीरा, अमृत विचार :** गुलरिया चीनी मिल एक करोड़ 39 लाख 69 हजार क्विंटल गन्ने के पेराई कर शुक्रवार को बंद हो गई। सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के तहत गन्ना किसानों का सर्वे के अनुसार संपूर्ण गाने की खरीद करने के बाद शुक्रवार की दोपहर चीनी मिल को बंद कर दिया गया है, जिसका नो केन सर्टिफिकेट मिल प्रबंधन को जारी कर दिया गया है। यह सर्टिफिकेट क्षेत्र में गन्ने के खेतों का सर्वे करने के साथ किसानों से वार्तालाप कर दिया गया है। गन्ना विकास समिति परिक्षेत्र में यदि किसी किसान की गन्ने की फसल खड़ी है तो वह गन्ने के बीज के लिए सुरक्षित की गई है।

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा 10 व 11 जून को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कृषि विश्वविद्यालयों में विभिन्न स्नातक, परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा 10 और 11 जून को होगी। कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या और सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र, परीक्षा योग्यता, शुल्क, सीटों की संख्या की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्र-छात्राएं कृषि विज्ञान, पशुपालन, जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, डेयरी, मृदा विज्ञान, कृषि अभियांत्रिकी आदि क्षेत्रों में उज्ज्वल कैरियर बना सकते हैं।

# जिले में 25.51 लाख मतदाता, अंतिम मतदाता सूची जारी


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अब जिले में कुल 25,51,741 मतदाता दर्ज हैं, जिन्हें एक सप्ताह तक सूची में अपना नाम जांचने का अवसर मिलेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अंतिम प्रकाशन के समय जनपद में 340 मतदान केंद्र, 3,283 मतदेय स्थल और 3,283 बीएलओ कार्यरत हैं। प्रारंभिक प्रकाशित निर्वाचक नामावली में कुल 23,84,070 मतदाता थे। इसमें 1,88,386 नामों का परिवर्धन और 20,715 नामों का अपमार्जन किए जाने के बाद अंतिम मतदाता संख्या 25,51,741 पहुंच गई है। अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों व जिले के सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। मतदाता यहां जाकर अपना या अपने परिजनों का नाम सत्यापित कर सकते हैं। साथ ही जिला प्रशासन, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची देख सकते हैं।

| | |
|---|---|
| 25,51,741 | कुल मतदाता |
| 1,88,386 | नए जुड़े नाम |
| 20,715 | हटाए गए नाम |
| 340 | मतदान केंद्र |
| 3,283 | मतदेय स्थल |
| 3,283 | बीएलओ |

**विधानसभावार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| पलिया | 174714 | 147600 | 08 | 322322 |
| निघासन | 179522 | 147050 | 00 | 326572 |
| गोला | 185053 | 156571 | 17 | 341641 |
| श्रीनगर | 165009 | 136340 | 02 | 301351 |
| धौरहरा | 171253 | 137833 | 09 | 309095 |
| लखीमपुर | 185247 | 158725 | 06 | 343978 |
| कस्ता | 157195 | 130502 | 05 | 287702 |
| मोहम्मदी | 174408 | 144667 | 05 | 319080 |
| योग | 1392401 | 1159288 | 52 | 2551741 |

### राजनीतिक दलों को सौंपी गई सूची

अंतिम प्रकाशन के अवसर पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई। बैठक में कांग्रेस के जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बसपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर गौतम, भाकपा (माले) के जिला सहसचिव राजेंद्र प्रसाद यादव, सपा के जिला सचिव मो. उमर एडवोकेट, भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री गंगाराम एडवोकेट, अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष मनोज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल वर्मा और आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हासिम सिद्दीकी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क दुघर्टनाओं में दो महिलाओं सहित चार घायल

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की शाम सात बजे दो सड़क दुघर्टना में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। दो घायलों को शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

पहली दुर्घटना उचौलिया थाना क्षेत्र में लखनौरिया में आंझी शाहाबाद मोड़ पर हुई जहां उचौलिया थाना के ग्राम उकुरमुहां निवासी दिव्यांग अमजद पुत्र मुसाहिब ई-रिक्शा लेकर जा रहा था कि उसकी टक्कर एक बाइक से हो गई। इसमें अमजद के साथ बाइक सवार गोविंदा पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम सुनोवा थाना उचौलिया भी घायल हो गया। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा गया जहां गंभीर घायलों अमजद को शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया। दूसरी दुर्घटना जहानीखेड़ा के पास हुई जहां हाइवे के किनारे के हरदोई के पिहानी कोतवाली के गांव दौंगलपुर की दो महिलाएं 45 वर्षीय पूनम पत्नी छोटेलाल और 30 वर्षीय शिमला पत्नी विपिन कुमार रोड के किनारे पैदल जा रही थीं कि एक बाइक वाला दोनों को टक्कर मारकर भाग गया। दोनों घायल महिलाओं को सीएचसी लाया गया जहां गंभीर घायल पूनम को शाहजहांपुर रेफर किया गया है।

# गिद्धों की मौत पर वन विभाग की कार्रवाई से दहशत

अमृत विचार Follow UP

- जहरीले चावल के दाने मिलने का खुलासा होने से बढ़ी हलचल
- वन विभाग और पुलिस की जांच तेज, 25 गिद्धों की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के तहत भीरा वन रेंज के गांव सिमरिया में 25 गिद्धों की मौत के बाद वन विभाग की सक्रियता तेज हो गई है। लगातार हो रही जांच और कार्रवाई से सिमरिया समेत आसपास के गांवों के ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। वन विभाग की इस सख्ती के चलते ग्रामीणों में यह आशंका बनी हुई है कि कहीं निर्दोष लोगों पर भी कार्रवाई न हो जाए। वहीं कुछ लोग खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

गांव सिमरिया में चार दिन पहले 25 गिद्धों की सामूहिक मौत हो गई थी, जबकि 5 गिद्धों की हालत अत्यंत खराब थी। उपचार के बाद उन्हें स्वस्थ्य होने पर छोड़ दिया गया था। इस घटना ने न सिर्फ वन विभाग बल्कि पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना के बाद से वन विभाग ने जांच और निगरानी तेज कर दी है, जिससे सिमरिया और आसपास के गांवों में भय और असमंजस का माहौल बन गया है।

वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि किसी ने जानबूझकर जहर मिलाकर चावल डाले, जिसे खाने से गिद्धों की मौत हुई। माना जा रहा है कि यह जहर किसी मृत पशु या खेत की सुरक्षा के उद्देश्य से डाला गया हो सकता है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद से वन विभाग की टीमें लगातार गांव में कैंप कर रही हैं। संदिग्ध लोगों से पूछताछ, आसपास के इलाकों की तलाशी और साक्ष्य जुटाने का काम तेजी से चल रहा है।

> मृत गिद्धों के पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत का वास्तविक कारण क्या था और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है। विभाग जांच कर रहा है। घटना के पीछे जो दोषी होगा। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। -**कीर्ति चौधरी**, उपनिदेश बफरजोन।

ड्रोन और अन्य तकनीकी माध्यमों से भी निगरानी की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े हर पहलू की गहराई से जांच हो सके। वन विभाग की इस सख्ती का असर अब ग्रामीणों में साफ दिखाई दे रहा है। सिमरिया और आसपास के गांवों में लोग खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे घटना से खुद भी दुखी हैं, लेकिन जांच के दायरे में आने के डर से सहमे हुए हैं। कई लोग यह आशंका जता रहे हैं कि कहीं बिना ठोस सबूत के किसी को भी आरोपी न बना दिया जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इलाके में जंगली जानवरों खासकर सियार, कुत्ते और अन्य मांसाहारी जीवों के हमलों से पशुओं और मानव जीवन को नुकसान होता रहता है। कई बार फसलों को बचाने या जानवरों को भगाने के लिए लोग गलत तरीके अपनाते हैं, जो इस तरह की घटनाओं को जन्म दे सकते हैं। वन विभाग ने साफ कर दिया है कि यदि जांच में यह साबित होता है कि गिद्धों को जानबूझकर जहर दिया गया, तो दोषियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कानून के तहत दोषी पाए जाने पर जेल और भारी जुर्माने का प्रावधान है।

# चूल्हे की चिंगारी से घर का सामान राख

- घर के बाहर बंधी 8 बकरियां भी आग की चपेट में आकर जल मरीं

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के गांव रसूलपुर में शुक्रवार सुबह चूल्हे से उठी चिंगारी ने ऐसा कहर बरपाया कि एक परिवार की पूरी गृहस्थी उजड़ गई। चूल्हे पर खाना बनाते समय लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिसमें 8 बकरियां जिंदा जल गईं और घर का सामान राख हो गया।

रसूलपुर निवासी करामत अली के घर सुबह खाना बन रहा था। इस दौरान चूल्हे से उठी चिंगारी ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग ने पूरे कच्चे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं के कारण आग और तेजी से फैल गई, जिससे परिवार को कुछ भी बचाने का मौका नहीं मिल सका। आग की लपटों में घर में रखा सरसों, गेहूं, चावल, कपड़े, चारपाई समेत करीब 25 हजार रुपये की नगदी जलकर राख हो गई। वहीं घर के बाहर बंधी आठ बकरियां भी आग की चपेट में आ गईं और जल मरीं। घटना के बाद शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एक ही झटके में परिवार की आर्थिक रीढ़ टूट गई है और अब उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा और राहत दिलाने की मांग की है।

अव्यवस्था

**70 हजार आबादी प्रभावित, 30-35 किलोमीटर जाना मजबूरी, चार कर्मियों के सहारे चल रहा अस्पताल**

# संपूर्णानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर और एएनएम नहीं

अमृत विचार अभियान

संवाददाता, संपूर्णानगर (खीरी)

**अमृत विचारः** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) क्षेत्र की करीब 70 हजार से अधिक आबादी के लिए एकमात्र सहारा बना हुआ है, लेकिन यहां महिला डॉक्टर और एएनएम (एएनएम) की तैनाती न होने से महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि इतने बड़े क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं महज चार कर्मचारियों के भरोसे चल रही हैं, जिनमें एक चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट और दो वार्ड बॉय शामिल हैं। सप्ताह में केवल तीन दिन लैब टेक्नीशियन उपलब्ध हो पाते हैं। सीमित संसाधनों के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था लड़खड़ाई हुई नजर आ रही है।

शुक्रवार को अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन करीब 25 से 30 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें खुजली, बुखार, टाइफाइड और सिरदर्द जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं और कुत्ते व बंदर के काटने के इंजेक्शन भी केंद्र पर मौजूद हैं। सबसे बड़ी समस्या महिलाओं के इलाज को लेकर सामने आ रही है। केंद्र में न तो कोई महिला डॉक्टर है और न ही एएनएम, जिसके कारण क्षेत्र की महिलाओं को इलाज के लिए करीब 30 किलोमीटर दूर पलिया सीएचसी जाना पड़ता है। वहीं टाटरगंज क्षेत्र की महिलाओं को तो लगभग 50 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। अस्पताल में महिला चिकित्सक की तैनाती जरूरी है ताकि महिलाओं को गर्भावस्था, प्रसव और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं में बेहतर उपचार मिल सके और वे बिना संकोच अपनी समस्याएं बता सकें।


प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद मरीज और रैबीज का लगाया जा रहा टीका।


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संपूर्णानगर।

### इलाज को पहुंचते हैं दर्जनों गांवों के लोग

यह स्वास्थ्य केंद्र केवल संपूर्णानगर ही नहीं, बल्कि आसपास की करीब एक दर्जन कॉलोनियों और पड़ोसी जनपद पीलीभीत के ट्रांस शारदा क्षेत्र के लोगों को भी सेवाएं देता है। गोविंदनगर, कमलापुर, मझरा पश्चिम, इंद्रा नगर, रानी नगर, मिर्चिया समेत पीलीभीत के टाटरगंज, बजारघाट, कम्बोजनगर, राणा प्रताप नगर, कबीरगंज, हजारा, गांधी नगर, शांति नगर और रामनगर जैसे क्षेत्रों के लोग इलाज के लिए इसी केंद्र पर निर्भर हैं।

### लोग बोले- इलाज की नहीं है समुचित व्यवस्था


व्यापार मंडल अध्यक्ष इस्तियाक अहमद खान ने बताया कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं है। सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा टेक्नीशियन के सप्ताह में सिर्फ तीन दिन आने से पैथालॉजी की भी सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं।


टीचर्स कॉलोनी सिंगाही खुर्द की खुशबू सिंह का कहना है कि संपूर्णानगर में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद कमजोर है। एकमात्र पीएचसी पर बड़ी आबादी निर्भर है, ऐसे में इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपग्रेड किया जाना चाहिए। साथ ही महिला चिकित्सक की तैनाती जरूरी है।

> महिला चिकित्सवक और एएनएम की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों को समय समय पर रिपोर्ट भेजी जाती है। उम्मीद है कि जल्द ही तैनाती हो जाएगी। अस्पताल में अन्य सभी व्यवस्थाएं हैं। दवाइयां और टीके भी उपलब्ध हैं। -**डॉ. मनोज वर्मा**, प्रभारी चिकित्साधिकारी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र को उसके गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार व जान से मरने या आत्महत्या की धमकी के कारण उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सुरेश शर्मा पुत्र शेरू शर्मा निवासी- मो. बाबा कॉलोनी सिविल लाइन्स, बदायूं तहसील जिला बदायूं**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र सूरज गुप्ता व पुत्रवधु सरिता को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **राममूर्ति पत्नी स्व. झांझन लाल गुप्ता निवासी 418, 3 छोटी बाजार, सीबी गंज, बरेली।**

**सूचना**
मेरी बेटी आयज़ा खान सेंट पाल इण्टर कॉलेज शाहजहांपुर में पढ़ती है। प्रवेश के समय मेरी बेटी का नाम आयज़ा खान लिखा गया था जिसे मैं संशोधन करवा रहा हूं। भविष्य में मेरी बेटी को आयज़ा फातिमा के नाम से जाना जाए और सेंट पाल इण्टर कॉलेज शाहजहांपुर में मेरी बेटी आयज़ा खान की जगह आयज़ा फातिमा नाम संशोधित किया जाए। इसके लिए मैने शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। **श्री सज्जाद हुसैन खान पुत्र श्री अहमद हुसैन खान निवासी हाथीथान तहसील सदर जिला शाहजहांपुर मो. 9935461323**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र ब्रज भान सविता उर्फ रोहित को उसके गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पतित से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **शिवचन्द्र पुत्र राम प्यारे निवासी 129 राम विहार कालोनी, डेलापीर जिला बरेली**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डॉक्यूमेंट में मेरे पिता का नाम PARMESHVER DEEN GUPTA लिखा है जो गलत है। जबकि PARMESHVAR DEEN GUPTA सही नाम है, यही माना जाए। **दीपक कुमार गुप्ता पुत्र परमेश्वर दीन गुप्ता, कन्नौजिया कॉलोनी लखीमपुर लखीमपुर खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा त्रुटिवश नाम आकाश सिंह के स्थान पर आकाश दर्ज हो गया था। जबकि मेरा सही नाम आकाश सिंह पुत्र रामप्रसाद जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में भी दर्ज है। उक्त सही नाम को संशोधित किया जाये। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **आकाश सिंह पुत्र रामप्रसाद नि. ग्राम- ज्योरहा कल्यानपुर पर. तह. बीसलपुर थाना- बरखेड़ा, जिला पीलीभीत**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहिद हुसैन उर्फ शैदी को गलत चाल -चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अनवर हुसैन पुत्र समीर उल्ला अन्सारी निवासी जोगी नवादा पुराना, शहर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने और मेरी बहन प्रीति ने हमारे सगे भाई आकाश सिंह उर्फ बाबू को उसके गलत चाल-चलन व दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **समीर सिंह पुत्र किशन सिंह नि. 279 सिविल लाइन्स, चौपला, बरेली**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**आवश्यकता है**
बाबा रामदास पी.जी. कॉलेज
सैदपुर कनी, भोलापुर, बरेली को निम्न विषयों में **प्रवक्ताओं** की आवश्यकता है
(Ph.D. एवं Net)
For M.A. :
Political Science, Home Science
For M.Sc. :
Physics, Chemistry, Zoology, Botany
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय कार्यालय एवं email : principalbrdcbholapur@gmail.com पर समस्त प्रपत्र/फोटो सहित अपना Biodata भेजें।
आर.डी. गुप्ता-प्रबन्धक
मो. 6396249614

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# हथियार सप्लाई का खुलासा: 2 पिस्टल-तमंचे व 4.15 लाख रुपये बरामद

## जुआ खिलवाते पकड़े गए आरोपी, कार व बाइक भी सीज, नेपाल तक ले जाकर जुआ खिलाते थे आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर पुलिस ने जुआ खेल रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। मौके से भारी मात्रा में नकदी, अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने जब जांच की तो आरोपी हथियार सप्लाई गिरोह के सदस्य निकले। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी का शुक्रवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है।

सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि गुरुवार को गश्त के दौरान शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह को मरघट के पास ग्राम रंगीलानगर स्थित एक फार्म हाउस में किराए के मकान में जुआ का अड्डा चल रहा है।

सूचना पर चौकी प्रभारी रामापुर धनंजय शुक्ला आदि के साथ पुलिस ने मकान की घेराबंदी कर मौके से शहर के मोहल्ला भुइफोरवानाथ निवासी मोहन मिश्रा उर्फ पिंकू, राजाजीपुरम निवासी सुनील कुमार दीक्षित उर्फ मुन्ना दीक्षित, शिव कॉलोनी निवासी प्रेम किशोर गुप्ता उर्फ मोहन गोटैय्या बाग निवासी पप्पू उर्फ जफर, मोहल्ला संकटा देवी निवासी फैजान और छाउछ निवासी अरुण कुमार वर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी कृष्ण मोहन मिश्रा उर्फ पिंकू के पास एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, 60 हजार रुपये, , सुनील कुमार दीक्षित उर्फ मुन्ना के पास से .32 बोर का पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, 5500 रुपये, प्रेम किशोर के पास एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, 3500 रुपये, पप्पू उर्फ जफर के पास से 07 तमंचा, दो जिंदा कारतूस और 3000 हजार रुपये, फैजान के पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस 1500 सौ रुपये और अरुण कुमार वर्मा के पास से एक पिस्टल .32 बोर, 2500 रुपये नगद बरामद हुए।

मौके से बरामद एक ब्रेजा कार व बाइक को कागज न होने पर सीज किया किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



गैंग का खुलासा करते सीओ सिटी विवेक तिवारी। ● अमृत विचार

### असलहा सप्लाई नेटवर्क की जांच तेज

सीओ सिटी ने बताया कि गिरोह के सदस्य अवैध तमंचे और पिस्टल की सप्लाई भी करते थे। बरामद हथियारों की सप्लाई कहां से हो रही थी, इसकी जांच की जा रही है। पूछताछ में कुछ अन्य संदिग्धों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश में क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। शीघ्र ही पुलिस गैंग में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लेगी।

### नेपाल से जुड़ा था जुए का नेटवर्क

सीओ सिटी ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य शहर और आसपास के युवकों को जुआ खिलाने के लिए नेपाल तक ले जाते थे। वहां के कैसीनो में ले जाकर उनसे मोटी रकम खर्च कराई जाती थी, जिससे गिरोह को कमीशन मिलता था। इतना ही नहीं, रुपये खत्म होने पर ये आरोपी ऊंचे ब्याज पर रकम भी उपलब्ध कराते थे। भारत के विभिन्न शहरों के साथ ही नेपाल में भी असलहों की सप्लाई करते थे।

### हिस्ट्रीशीटर है पप्पू, आरोपियों पर चोरी लूट, हत्या समेत दर्ज हैं कई मुकदमें

सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार पप्पू उर्फ जफर शातिर अपराधी है। उसका गैंग सदर कोतवाली में पंजीकृत है। इसके साथ ही वह कोतवाली सदर का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, हत्या समेत 30 मुकदमें दर्ज हैं। इसके अलावा सुनील कुमार दीक्षित पर एससी/एसटी एक्ट समेत 4, प्रेम किशोर गुप्ता पर जुआ व आईटी एक्ट के 2 मुकदमे, फैजान पर 5 और मोहन मिश्रा पर 4 मुकदमें पहले से दर्ज हैं।

# बैंक मैनेजर पर कातिलाना हमले में दो और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के एलआरपी चौराहे के पास भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के प्रबंधक पर कातिलाना हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने दो और हमलावरों को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में चार आरोपियों का चालान हो सका है। फरार अन्य दो आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

शाहजहांपुर जिले के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खुर्द निवासी विवेक यादव लखीमपुर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। 31 मार्च की शाम वह अपनी कार से कहीं जा रहे थे। तभी एलआरपी ओवरब्रिज के पास एक बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट डिजायर कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी थी। आरोप है कि टक्कर के बाद कार से करीब छह लोग उतरे और उन्होंने विवेक यादव पर हमला कर दिया। इस दौरान उनके सिर पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गए।



सदर कोतवाली मौजूद गिरफ्तार आरोपी।

- दो की तलाश में पुलिस कर रही छापेमारी

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को आरोपी शिवा पटेल उर्फ शिवम निवासी सलेमपुर कोन और निखिल रस्तोगी उर्फ छोटू निवासी गंगोत्री नगर को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने प्रकाश में आए गांव सेवढ़ा निवासी ललित कुमार और गंगोत्रीनगर निवासी सूरज वर्मा उर्फ पकौडी उर्फ निखिल को भी गिरफ्तार कर शुक्रवार को चालान भेजा है। इस मामले में अभी दो अन्य आरोपी फरार हैं। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

# सड़क हादसे में पूर्व प्रधान की मौत

**पसगवां, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम पतवन के पूर्व प्रधान जितेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि गुरुवार को जितेंद्र सिंह अपने पुत्र श्याम प्रताप सिंह के साथ बाइक से शाहजहांपुर जा रहे थे। इसी दौरान लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रोजा थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उपचार के दौरान रात में जितेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में शोक का माहौल है और लोग अंतिम दर्शन के लिए जुट रहे हैं।, हादसे में घायल उनके पुत्र श्याम प्रताप सिंह का इलाज जारी है।


### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सवदर अली पुत्र श्री कासिम खान ने एक प्लाट जो खसरा नं. 105, 122, 125 ग्राम नगरिया कलां जिला बरेली में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मी. है उक्त सम्पत्ति लोन हेतु सितारा हाउसिंग फाईनेन्स लि. से लिया जा रहा है। इस सम्बन्ध में एक विक्रय विलेख सवदर अली पुत्र श्री कासिम खान के पक्ष में निष्पादित की गई है जोकि उक्त पंजीकरण दि. 01.6.2013 बुक नं. 1 वाल्यूम नं. 5787 पेज 387 से 402 सिरियल नं. 7075 दि. 01.6.2013 में रजिस्ट्री हुई है। जोकि रास्ते में जाते समय इस बैनामे की मूल प्रति कहीं गिर गई थी जिसकी सूचना दि. 7.4.26 को पुलिस को दी जा चुकी है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को उपर्युक्त संपत्ति अभिलेख या स्वामित्व से सम्बन्धित कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर बैंक के एडवोकेट सोनू यादव से सम्पर्क करें।

**सोनू यादव-एडवोकेट**
**सितारा हाउसिंग फाईनेन्स लि.**
**मो. 9324585156**

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी. पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:-
**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः NER-LJN-RSP-2026-05, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मुख्य परियोजना प्रबन्धक/आर.एस.पी./लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न कार्यो के लिये परियोजना पर्यवेक्षण सेवायें (पीएसएस) प्रदान करने हेतु प्रस्ताव के लिये अनुरोध (आरएफपी)। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 22,47,06,832.97, बयाना राशिः ₹ 12,73,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 36 महीने।
- बिड प्रारम्भ करने की तिथिः दि. 21-04-2026
- उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 05-05-2026, 15:00 बजे तक,
- उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 05-05-2026, 15:00 बजे
- निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/आर.एस.पी., लखनऊ**
मुजाधि/डब्लू-16

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


### कार्यालय ग्राम पंचायत आमलपुर गजरौला विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-आलमपुर गजरौला विकास खंड-बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 11 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत चेना मुरारपुर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-मुरारपुर विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 11 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत नगरिया कला विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-नगरिया कला विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 4 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर नगरिया विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-गोपालपुर नगरिया विकास खंड-बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 2 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत अडूपुरा जागीर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-अडूपुरा जागीर विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 2 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत कुंवरपुर बंजरिया विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-कुंवरपुर बंजरिया विकास खंड-बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 2 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत गिरधारीपुर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-गिरधारीपुर विकास खंड- बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 13 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 4 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िया अहमदनगर विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-मुड़िया अहमदनगर विकास खंड-बिथरी चैनपुर बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/ वीबी- राम-जी, एस एल डब्लू एम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को प्रात: 9 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 2 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत डंडिया विकास खंड बिथरी चैनपुर, बरेली

**निविदा सूचना**

